# छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर

मुख्यालय ''सहकार भवन'', प्लॉट नं.–74, सेक्टर–24, अटल नगर, नवा रायपुर(छ.ग.) 492002
**Website: www.cgapexbank.com Email : cg.apexbank.ho@gmail.com**


छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्र. 991 दिनांक 01/06/2026

## –:: विस्तृत विज्ञापन ::–

## सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण हेतु को–ऑपरेटिव इंटर्न की नियुक्ति

सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पहलों के लाभ बुनियादी स्तर तक पहुँचे यह सुनिश्चित करने, सहकारिता आधारित आर्थिक मॉडल को मजबूत करने तथा सहकारिताओं के लिए आवश्यक क्षमता निर्माण सुनिश्चित करने के उददेश्य से सहकारी बैंकों में "को–ऑपरेटिव इंटर्न" के नाम से युवा प्रोफेशनल व्यक्तियों की नियुक्ति की जा रही है, जिसके परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 1792 दिनांक 11.07.2025/बैंक के वेबसाइट में प्रकाशित विस्तृत सूचना क्रमांक 1793 दिनांक 11.07.2025 तथा विज्ञप्ति क्रमांक छ.ग./ मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 7846 दिनांक 04.10.2025/बैंक के वेबसाइट में प्रकाशित विस्तृत सूचना क्रमांक 7847 दिनांक 04.10.2025 के आधार पर छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अम्बिकापुर में "को–ऑपरेटिव इंटर्न" की नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया। निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी एवं पात्र अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत, अभ्यर्थियों द्वारा दी गई सहमति के आधार पर छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर एवं अम्बिकापुर में 01–01 ''को–ऑपरेटिव इंटर्न'' चयनित हुए।

अतः जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर में 01 "को–ऑपरेटिव इंटर्न" की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। **इंटर्न केवल एक वर्ष के लिए नियुक्त किया जायेगा।**

2. **इंटर्न की संख्या : 01**

| क्र0 | बैंक का नाम | इंटर्न की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर | 01 |

3. **शैक्षणिक योग्यता :** विपणन प्रबन्धन/सहकारी प्रबन्धन/कृषि व्यवसाय प्रबन्धन/ग्रामीण विकास प्रबन्धन में एम०बी०ए या समकक्ष।

4. **अनिवार्य अर्हता :** कम्प्यूटर में प्रवीणता अनिवार्य।

5. **आयु सीमाः** दिनांक 01.01.2026 को 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो तथा 30 वर्ष से अधिक न हो।

6. **इंटर्न की तैनाती :** चयनित इंटर्न को उनके द्वारा चुने गए बैंक के आधार पर उन्हें संबंधित बैंक में तैनात किया जायेगा। छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर, कार्य की आवश्यकताओं के आधार पर इंटर्न की तैनाती/स्थानांतरण कर सकता है।

7. **वेतन** : चयनित इंटर्न को रु. 25,000/– के समेकित मासिक वेतन का भुगतान किया जाएगा। प्रत्येक बैंक में निर्धारित व्यवस्थानुसार यात्रा भत्ता (टीए)/महंगाई भत्ता (डीए) देय होगा। इंटर्न वर्ष में 10 दिन आकस्मिक अवकाश का लाभ उठा सकते हैं और इसके अलावा उन्हें कोई अन्य अवकाश प्रदान नहीं किया जाएगा। आकस्मिक अवकाश के अलावा अन्य अवकाश "अवैतनिक अवकाश" के रूप में प्रदान किया जाएगा। इंटर्न को संबंधित सहकारी बैंकों में लागू छुट्टियों के अनुसार छुट्टियाँ दी जा सकती हैं।

8. **इंटर्न की भूमिकाएँ तथा कार्य** : इंटर्न निम्नलिखित भूमिकाओं तथा कार्यों का निर्वहन करेंगे :–

   i. इंटर्न पैक्स तथा अन्य प्राथमिक सहकारी समितियों के साथ समन्वय करेंगे तथा सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पहलों के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

   ii. इंटर्न पर कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया में पैक्स को आने वाली दैनिक समस्याओं को हल करने के साथ–साथ व्यावसायिक योजनाओं, परियोजनाओं की तैयारी करने, वित्तीय मुद्दों को हल करने, विभिन्न अनुमोदन प्राप्त करने आदि की जिम्मेदारी होगी।

   iii. इंटर्न जिला सहकारी बैंक/छ.ग.राज्य सहकारी बैंक के साथ समन्वय करके सहकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई पहलों के कार्यान्वयन की स्थिति पर साप्ताहिक (स्टेटस) रिपोर्ट तैयार करेगा/करेगी तथा उसे शेयर करेगा/करेगी।

9. **अन्य नियम एवं शर्तें** :–

   i. यह इंटर्नशिप कार्यक्रम बैंक या बैंक से संबंधित संस्थाओं के साथ रोजगार या रोजगार का आश्वासन नहीं है, तथा इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के आधार पर कोई इंटर्न बैंकों में नियुक्ति का अधिकार या दावा नहीं कर सकेगा।

   ii. यह इंटर्नशिप एक पूर्णकालिक कार्यक्रम है, अतः इंटर्न को बैंकों के कार्यालय समय का ध्यान रखना होगा। यदि इंटर्न का कार्य निष्पादन संतोषजनक नहीं पाया जाता है या इंटर्न बैंक की अनुमति के बिना अनुपस्थित रहता है तो इंटर्नशिप किसी भी समय खत्म की जा सकती है और इंटर्न को कोई वित्तीय लाभ नहीं दिया जाएगा। उपर्युक्त मदों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, बैंक किसी भी समय बिना कोई कारण बताए इंटर्न की सेवाएँ निरस्त कर सकता है।

   iii. इंटर्न को इंटर्नशिप की अवधि के दौरान उसे प्राप्त सभी आलेखों/रिपोर्टों और/या किसी भी सूचना की गोपनीयता बनाए रखनी होगी, जिसका उल्लंघन किये जाने पर उसके कानूनी परिणाम होंगे। इंटर्न किसी व्यक्ति या संगठन के समक्ष बैंक से संबंधित ऐसी कोई जानकारी, उसकी व्यवसायिक योजना तथा नीतियाँ प्रकट नहीं करेगा, जो सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है।

   iv. इंटर्न को संबंधित जिला सहकारी बैंक के नियमों और विनियमों का पालन करना होगा।

   v. इंटर्न किसी अन्य व्यक्ति/संगठन के समक्ष बैंक, उसके कार्य तथा उसकी नीतियों से संबंधित कोई गोपनीय जानकारी प्रकट नहीं करेगा।

   vi. कोई इंटर्न फेसबुक/ट्विटर हैंडल जैसे सोशल मीडिया सहित किसी भी मीडिया (प्रिंट और/या इलेक्ट्रॉनिक) के साथ न तो बातचीत करेगा और न ही उनके समक्ष बैंक का प्रतिनिधित्व करेगा। इंटर्न सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना अपना कार्य सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं करेंगे।

   vii. इंटर्न बैंक के साथ तथा सामान्य जनता के साथ प्रोफेशनल रूप से व्यवहार करेंगे।

viii. इस बात का सख्ती से ध्यान रखा जाए कि इंटर्न का आचरण तथा डेटा तक उनकी पहुँच केवल संबंधित बैंक की जिम्मेदारी होगी।

**10. चयन प्रक्रिया :–**

i. अभ्यर्थियों को विधिवत् भरा हुआ आवेदन पत्र (प्रारूप संलग्न) रजिस्टर्ड अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा निम्नलिखित पते पर प्रेषित करना होगा :–

**प्रबंध संचालक, छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर**
**मुख्यालय "सहकार भवन", प्लॉट नं.–74, सेक्टर–24, अटल नगर, नवा रायपुर(छ.ग.) 492002**

**आवेदन पत्र के लिफाफे के उपर बोल्ड अक्षरों में "को–ऑपरेटिव इंटर्न की नियुक्ति हेतु आवेदन" लिखना होगा।**

ii. छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, मुख्यालय, नवा रायपुर में उपरोक्त माध्यमों से आवेदन प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 15.06.2026 को सायंकाल 5:30 तक** है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। अंतिम तिथि तक या उससे पूर्व प्राप्त आवेदनों की बैंक द्वारा नियुक्त समिति द्वारा जांच की जाएगी। एसएससी/12वीं (एचएससी/10+2)/स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षाओं और अतिरिक्त योग्यता, यदि कोई हो, में प्राप्त अंकों/प्रतिशत के आधार पर बैंकवार मेरिट सूची तैयार की जाएगी। अभ्यर्थियों को उनके कुल अंकों के आधार पर उनके द्वारा आवेदन में भरे गये बैंक के विकल्प के अनुसार बैंकवार अवरोही क्रम में रखा जाएगा। समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जायेगी, जिन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि पहले होगी उन्हें वरीयता प्रदान की जायेगी। जिन अभ्यर्थियों के अंक एवं आयु समान होंगे उनकी वरीयता अंग्रेजी के वर्णमाला के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

iii. योग्यता के लिए अंकों का वेटेज इस प्रकार होगा :–

| शैक्षणिक योग्यता | Weightage of Marks | अंको का निर्धारण |
|---|---|---|
| हाईस्कूल | 10 | 90 प्रतिशत से अधिक – 9 अंक |
| हायर सेकेण्डरी | 10 | 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक – 8 अंक |
| स्नातक | 10 | 60 प्रतिशत से 79 प्रतिशत तक – 7 अंक |
| स्नातकोत्तर | 10 | 50 प्रतिशत से 59 प्रतिशत तक – 6 अंक<br>50 प्रतिशत से कम – 5 अंक |
| अतिरिक्त योग्यता | 10 | प्रत्येक अतिरिक्त योग्यता के लिए 2 अंक होंगे, अधिकतम 10 अंक होंगे। |
| **योग** | **50** | |

iv. मेरिट सूची के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को बैंक में को–ऑपरेटिव इंटर्न की नियुक्ति से पहले छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, मुख्यालय, नवा रायपुर में दस्तावेज सत्यापन (डीवी) के लिए उपस्थित होने के लिए छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर द्वारा सूचना जारी की जायेगी जिसमें आवेदन में दी गई जानकारी की समस्त प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियां एवं स्व प्रमाणित छायाप्रतियां प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

v. आवेदन में आवेदक द्वारा भरी गई जानकारी के आधार पर ही मेरिट सूची तैयार की जाएगी। दस्तावेज़ सत्यापन के समय किसी भी विसंगति के पाए जाने पर आवेदक को तत्काल अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। किसी उम्मीदवार द्वारा गलत जानकारी या प्रक्रिया का उल्लंघन किये जाने पर चयन प्रक्रिया के दौरान बैंक प्रबंधन को ज्ञात नहीं हो पाता है, किन्तु बाद में यह संज्ञान में आता है कि उम्मीदवार का चयन त्रुटिवश हुआ है, तो बैंक प्रबंधन द्वारा चयनित उम्मीदवार का चयन रद्द कर दिया जायेगा।

vi. चयनित उम्मीद्वार को नियुक्ति के समय जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य /फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

vii. चयन प्रक्रिया संशोधित करने/विलोपित करने एवं उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर के पास सुरक्षित रहेंगें। सभी संशोधन/शुद्धि पत्र **छ.ग.राज्य सहकारी बैंक की अधिकृत वेबसाइट** पर ही अपलोड की जावेगी।

viii. चयन से संबंधित सभी मामलों में बैंक का निर्णय बंधनकारी एवं अंतिम होगा। कोई भी पत्राचार अथवा व्यक्तिगत पूछताछ के लिए बैंक प्रबंधन द्वारा विचार नहीं किया जायेगा ।

ix. भर्ती से संबंधित विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्राधिकार रायपुर होगा ।

11. **नियुक्ति एवं सेवा समाप्ति :-**

i. अंतिम चयन के बाद, को-ऑपरेटिव इंटर्न को बैंक में शामिल होने की तिथि से अधिकतम एक वर्ष की अवधि के लिए बैंक में सेवा करने के लिए एक सेवा बांड निष्पादित करना आवश्यक है।

ii. इंटर्नशिप को किसी भी पक्ष द्वारा एक (01) महीने के नोटिस पर समाप्त किया जा सकता है।

iii. यदि सहकारी इंटर्न एक वर्ष पूरा होने से पहले बैंक छोड़ देता है, या किसी भी कारण से इंटर्नशिप बंद कर देता है, तो इंटर्न को बैंक को 15,000/- रुपये (केवल पंद्रह हजार रुपये) की राशि का भुगतान करके क्षतिपूर्ति करने का वचन देना होगा।

iv. यदि को-ऑपरेटिव इंटर्न बैंक छोड़ने या बैंक में सेवा समाप्त करने की सहमति की स्थिति में उपरोक्त क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान करने में विफल रहता है, तो बैंक उक्त राशि की वसूली के लिए कोई भी कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है, जिसे वह योग्य और उचित समझे और को-ऑपरेटिव बैंक द्वारा उसके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही पर आपत्ति नहीं करने के लिए सहमति देगा।

12. **आचरण और अनुशासन** : आचरण और अनुशासन के सभी मामलों में, को-ऑपरेटिव इंटर्न संबंधित बैंक के 'नियमों और प्रक्रियाओं' द्वारा शासित होंगे।

13. **घोषणाएँ** :- इस प्रक्रिया से संबंधित सभी घोषणाएं/विवरण समय-समय पर केवल बैंक की वेबसाइट **www.cgapexbank.com** पर प्रकाशित/घोषित किए जाएंगे। इस संबंध में कोई अलग से विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा।

14. **अस्वीकरण** :– यदि नियुक्ति के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, तो उसकी/उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो इंटर्न के रूप में उसकी नियुक्ति समाप्त/रद्द की जा सकती है। पात्रता, आवेदनों की जांच/अन्य परीक्षण/चयन के संबंध में सभी मामलों में छ.ग.राज्य सहकारी बैंक का निर्णय अंतिम होगा और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होंगे। इस संबंध में बैंक द्वारा कोई प्रतिनिधित्व या पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्रबंध संचालक
छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित,
रायपुर

## छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, मुख्यालय, ''सहकार भवन'',

प्लाट नं. 74, सेक्टर–24, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) 492002

### जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., बिलासपुर में को–ऑपरेटिव इंटर्न की नियुक्ति हेतु आवेदन फॉर्म

स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो

1. अभ्यर्थी का नाम :..............................................................................
2. पिता / पति का नाम :..............................................................................
3. जन्म तिथि (अंकों में) :..............................................................................

   (शब्दों में) :..............................................................................
4. आयु (दिनांक 01.01.2026 की स्थिति पर) :..............................................................................
5. पत्र व्यवहार का पता :..............................................................................

   ..............................................................................

   ..............................................................................
6. पूर्ण स्थायी पता :..............................................................................

   ..............................................................................

   ..............................................................................
7. मोबाईल नंबर :..............................................................................
8. ई–मेल :..............................................................................
9. शैक्षणिक योग्यता (दिनांक 01.06.2026 की स्थिति पर)

| क्र. | परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाईस्कूल | | | | |
| 2. | हायर सेकेण्डरी | | | | |
| 3. | स्नातक | | | | |
| 4. | एम.बी.ए. या समकक्ष | | | | |
| 5. | कम्प्यूटर संबंधी योग्यता | | | | |
| 6. | अन्य योग्यता | | | | |

# <u>घोषणा पत्र</u>

मैं एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि उपरोक्त दी गयी जानकारी सत्य है। जानकारी असत्य पाये जाने पर मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी ।

दिनांक :..............................

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

संलग्न : निम्नानुसार दस्तावेजों की सत्यापित छायाप्रति –

1. आधार कार्ड
2. हाईस्कूल परीक्षा
3. हायर सेकेण्डरी परीक्षा
4. स्नातक
5. स्नातकोत्तर या समकक्ष योग्यता
6. कम्प्यूटर संबंधी योग्यता
7. अन्य योग्यता